# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 19.02.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश, दैनिक मान्यवर,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 19.02.2025

सहायता **150 जर्सी बैरियर और एक ट्रैक्टर लिफ्टर क्रेन देने का दिया आश्वासन**

## ट्रैफिक पुलिस को वीडीए ने दिए 200 बैरियर

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने एडीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार पांडेय को 200 बैरियर दिए। इनमें 100 मोबाइल बैरियर और 100 फोल्डिंग बैरियर शामिल हैं। वीडीए की इस पहल के लिए एडीसीपी ट्रैफिक ने उनका आभार जताया।

वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि यह कदम शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। उधर, एडीसीपी ट्रैफिक ने कहा कि इससे पहले वीडीए की ओर से एक जेसीबी क्रेन और दो छोटी क्रेन दी गई थीं। वीडीए उपाध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि वह जल्द ही 150 जर्सी बैरियर और एक ट्रैक्टर लिफ्टर क्रेन के अलावा कुछ अन्य उपयोगी उपकरण देंगे। इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने एडीसीपी ट्रैफिक के साथ कचहरी और उसके आसपास वाहनों की पार्किंग से संबंधित समस्या को देखा।

**वीडीए की 3 खबरें**

### 2 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई

वाराणसी। वीडीए की ओर से मंगलवार को सारनाथ में दो बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। वार्ड के हृदयपुर में आशीष कुमार पटेल की ओर से बगैर ले आउट स्वीकृत कराए 2 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। जोनल अधिकारी श्रीप्रकाश की अगुवाई में प्लाटिंग ध्वस्त कराई गई। ब्यूरो

### मानचित्र स्वीकृति के नियम पर चर्चा

वाराणसी। आवासीय व व्यवसायिक शमन मानचित्र के त्वरित निस्तारण के लिए मंगलवार को वीडीए में कार्यशाला आयोजित की गई। नगर नियोजक प्रभात कुमार ने मानचित्र स्वीकृति से जुड़े नए नियमों, प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला में शमन मानचित्रों की स्वीकृति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए गए। ब्यूरो

### अमर उजाला–दि0 19.02.2025

## बिजली के तार को भूमिगत करेगा वीडीए

वाराणसी। फुलवारिया चौक पर चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निरीक्षण किया। उन्होंने समयसीमा में कार्य न होने पर अधिशासी अभियंता को हिदायत दी। अनियोजित रूप से पोल पर लगे तारों को भूमिगत करने के लिए इस्टीमेट तैयार करने को कहा। संबंधित ठेकेदार को सुंदरीकरण कार्य तथा हॉर्टिकल्चर कार्य को शीघ्रता से पूरा करने को कहा। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 19.02.2025

### 14 मामलों में प्रभावी कार्रवाई करें

वाराणसी। न्यायालयों में विचाराधीन वादों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराने के लिए वीडीए में मंगलवार को बैठक हुई। अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने अदालत में अवशेष 14 मामलों में एक सप्ताह में कमेंट प्रेषित करते हुए प्रभावी पैरवी करने को कहा। उच्च न्यायालय में विचाराधीन अवशेष 429 वादों में से 374 में शपथपत्र दाखिल किया गया। 49 में से 6 वादों में कमेंट प्रेषित किया जाना बाकी है। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 19.02.2025

### वीडीए तेजी से निस्तारित कर रहा है न्यायालयों के विचाराधीन मामले

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वीडीए के अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को न्यायालयों में विचाराधीन वादों की समीक्षा की गई। इसमें यह बात सामने आई कि उसका तेजी से निस्तारण किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि उच्च न्यायालय में कुल 429 वाद विचाराधीन हैं। इसमें से 374 वादों में प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया जा चुका है। 49 वादों में अधिवक्तागणों को कमेंट प्रेषित किए चुके हैं। 06 वादों में कमेंट प्रेषित किया जाना अवशेष है। स्थानीय न्यायालयों में कुल 671 वाद विचाराधीन में से 644 वादों में जवाबदावा दाखिल किया जा चुका है। 46 वादों में अधिवक्तागणों का कमेंट प्रेषित किया जा चुका है। मात्र 8 प्रकरणों में जवाबदावा कमेंट प्रेषित किया जाना अवशेष है।

## हिन्दुस्तान–दि0 19.02.2025

### आयरन बैरियर यातायात विभाग को सौंपा

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सुदृढ़ और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए 20 लाख से बने आयरन मोबाइल बैरियर (100 पीस), फोल्डिंग बैरियर (100 पीस) अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) राजेश कुमार पांडेय को सौंपा। कहा इससे ट्रैफिक संचालन में सुगमता होगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 19.02.2025

### वीडीए उपाध्यक्ष ने लिया फुलवरिया का जायजा

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को फुलवारिया चौक पर चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान समयबद्ध कार्य और विद्युत तारों को भूमिगत करने का निर्देश दिया। ठेकेदार को समस्त सौन्दर्यीकरण तथा हॉर्टिकल्चर कार्य पूर्ण का भी निर्देश दिया। इस मौके पर अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, एई अनुज शर्मा आदि थे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 19.02.2025

### आवासीय व व्यवसायिक शमन मानचित्र के त्वरित निस्तारण हेतु कार्यशाला आयोजित



वाराणसी। नगर नियोजक के अध्यक्षता में वाराणसी विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत प्राप्त होने वाले व्यवसायिक शमन मानचित्रों के त्वरित निस्तारण हेतु प्राधिकरण सभागार में कार्यशाला संपन्न हुई, जिसमें सभी जोन के जोनल अधिकारी एवं अवर अभियंता उपस्थित रहे।प्रशिक्षण कार्यशाला में अधिकारियों को व्यवसायिक शमन मानचित्रों की स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान, विभिन्न जोनों में प्राप्त शमन मानचित्र आवेदनों की समीक्षा की गई और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यशाला का संचालन कर रहे नगर नियोजक प्रभात कुमार ने जोनल अधिकारी व अधिशासी अभियंता को मानचित्र स्वीकृति से जुड़े नवीनतम नियमों, प्रक्रिया की जटिलताओं और त्वरित निस्तारण के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्राधिकरण के जोनल अधिकारी व अधिशासी अभियंता मौजूद रहे। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य प्राधिकरण के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना तथा योजनाबद्ध विकास को गति देना था।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 19.02.2025

### कमिश्नरेट वाराणसी में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण संसाधन कराए गए उपलब्ध

वाराणसी। कमिश्नरेट वाराणसी में सुदृढ़ और सुगम यातायात व्यवस्था के संचालन हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा एक अदद) अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात), राजेश कुमार पाण्डेय को हस्तगत किया गया । यह कदम शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, व्यवस्थित और सुरक्षित



महत्वपूर्ण पहल की गई है। वाराणसी शहर में महाकुम्भ की भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना मद से कुल ?20 लाख की लागत वाली उच्च गुणवत्ता के साथ आयरन से निर्मित मोबाइल बैरियर (100 अदद), फोल्डिंग बैरियर (100 बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। विशेष रूप से महाकुम्भ जैसी भीड़-भाड़ वाली घटनाओं के दौरान, इन बैरियर्स से यातायात नियंत्रण में मदद मिलेगी, जिससे शहरवासियों, तीर्थयात्रियों तथा आम जनमानस के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित की जा सकेगी।

## न्यायाधीश–दि0 19.02.2025

### उपाध्यक्ष वीडीए द्वारा किया गया फुलवारियां चौक पर चल रहे निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण



वाराणसी ।फुलवारिया चौक पर चल रहे निर्माणाधीन कार्यो का उपाध्यक्ष महोदय द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समयब...द्ध कार्य न होने पर अधिशासी अभियन्ता को समस्त कार्य समयबद्ध करने हेतु निर्देशित किया तथा अनियोजन रूप से विद्युत पोलों पर लगे तारों को भूमिगत करने हेतु आगणन तैयार करने के निर्देश दिये गये। संबंधित ठेकेदार को समस्त सौन्दर्यीकरण कार्य तथा हॉर्टिकल्चर कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने एवं स्कल्पचर को तीन दिनों के अंदर थिमेटिक/पेंटिंग कराने के कार्यो को 24 फरवरी तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अनुज शर्मा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## दैनिक मान्यवर—दि0 19.02.2025

### वीडीए ने सारनाथ में अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

वाराणसी। वाराणसी में सारनाथ थाना क्षेत्र के हृदयपुर में दो बीघे जमीन पर अवैध तरीके से हो रही प्लाटिंग को वीडीए की टीम ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। सारनाथ में वरुण वर्मा और आशीष पटेल दो बीघे में बिना ले आउट प्लाट काटकर बेच रहे थे। वीडीए ने जानकारी पर पहले नोटिस थमाई थी लेकिन प्लाटिंग करने वाले जमीन की खरीद फरोख्त का काम जारी रखे। जानकारी पर वीडीए के जोनल अधिकारी प्रकाश और जेई वर्तिका दुबे प्रवर्तन दल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस फोर्स भी बुला ली गई। पुलिस की मौजूदगी में प्रवर्तन दल ने बुलडोजर से प्लाट के लिए की गई बाउंड्री तोड़ दी। इससे पहले वीडीए ने शिवपुर थाना क्षेत्र में होलापुर में विनीत पाण्डेय द्वारा कराई जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। विनीत पाण्डेय को वीडीए ने बिना ले आउट के प्लाटिंग करने पर नोटिस दी थी लेकिन प्लाटिंग का काम चलता रहा जिसपर प्रवर्तन दल ने जोनल अधिकारी की मौजूदगी में कार्रवाई की।

## न्यायाधीश—दि0 19.02.2025

### वीडीए जोन-2 ने की अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही




वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इसके तहत वार्ड-सारनाथ के अन्तर्गत वरुण कुमार वर्मा व आशीष कुमार पटेल द्वारा मौजा- हृदयपुर, थाना-सारनाथ में लगभग 2 बीघा मे की अवैध प्लाटिंग बिना ले -आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग विकशित की जा रही थी, उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27 के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, उक्त अवैध प्लाटिंग को आज 18.02.2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी श्री प्रकाश, अवर अभियंता विनोद कुमार व वर्तिका दूबे प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदे तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति मे प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।